13-02-2023 TITLE: Re. Construction of Elevated Road in Bihar. SPECIAL MENTION (ZERO HOUR) Yadav, Shri Ram Kripal Road Connectivity

TITLE: Re. Construction of Elevated Road in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): धन्यवाद सभापति महोदय ।

सबसे पहले मैं यशस्वी प्रधानमंत्री जी और माननीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने विगत वर्षों में न सिर्फ मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र, बल्कि पूरे बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से पूरे बिहार के विकास में व्यापक परिवर्तन किया है, जो मील का पत्थर साबित हो रहा है।

मैं इसी सन्दर्भ में अपने संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र में पटना रिंग रोड के शेरपुर में गंगा नदी पर पुल की स्वीकृति प्रदान की है, बक्सर-पटना फोरलेन सड़क परियोजना में बिहटा से दानापुर तक एलिवेटेड रोड की स्वीकृति प्रदान की है और पटना में ही गंगा नदी के किनारे गंगा पथ का निर्माण कार्य राज्य सरकार के माध्यम से चल रहा है। उसके प्रथम फेज में जेपी सेतु से दीदारगंज तक निर्माण कार्य प्रारम्भ है और आगे बख्तियारपुर तक भी उसकी स्वीकृति राज्य सरकार ने दी है। राज्य सरकार ने जेपी सेतु से पटना रिंग रोड में शेरपुर में प्रस्तावित गंगा नदी पुल तक गंगा पथ को जोड़ने की सहमति प्रदान की है।

दीदारजगंज से बख्तियारपुर तक गंगा पथ के निर्माण की घोषणा पहले ही राज्य सरकार द्वारा की जा चुकी है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में शेरपुर से मनेर होते हुए बिहटा तक के रूट की स्वीकृति नहीं मिली है।

मैं आपके माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री श्री नितिग गडकरी जी से अनुरोध करूंगा कि पटना रिंग रोड के शेरपुर में जो स्वीकृति गंगा नदी पर पुल से लेकर पटना बक्सर फोर लेन के बीहटा या कोईलवर तक गंगा पथ के तर्ज पर मेरे संसदीय क्षेत्र, जिसकी मैंने पहले चर्चा की शेरपुर से मनेर होते हुए बीहटा तक एलिवेटेड रोड के निर्माण की मंजूरी की कृपा की जाए। पटना में बहुत आबादी बढ़ रही है, रोड पर बहुत ज्यादा लोड हो रहा है, वहां हर दिन बड़े पैमाने पर पटना शहर के आस पास के इलाकों में रोड जाम हो जाता है, जिससे बहुत तरह की तकलीफ होती है। जो प्रस्तावित रोड है, जिसकी मैंने चर्चा की है, उसके निर्माण से आरा से बख्तियारपुर तक वैकल्पिक बाई पास मार्ग तैयार हो जाएगा। आरा की तरफ से आने वाले वाहनों को पटना में आने या पटना से नॉर्थ बिहार जाने के लिए कई वैकल्पिक मार्गों के विकल्प मिलेंगे, जिससे राजधानी पटना में ट्रैफिक का लोड भी घटेगा और प्रदूषण की कमी भी होगी।

इसलिए मैं पुन: आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं और मैं माननीय मंत्री जी कई बार मिल भी चुका हूं। इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का काम करें, ताकि इसका निर्माण हो सके। धन्यवाद।

माननीय सभापति : श्री श्याम सिंह यादव जी ? उपस्थित नहीं।

श्री जसबीर सिंह गिल जी ? उपस्थित नहीं।

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु ? उपस्थित नहीं।

श्री जगदम्बिका पाल जी।